>

Title: Need to check the move to shift the ITDC office located at Khajuraho, Madhya Pradesh.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): सभापति महोदय, मैं शून्य प्रहर में आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे निर्वाचन क्षेत्र खजुराहो के संबंध में आकर्षित कराना चाहता हूं। यहां पर्यटन मंत्रालय का कार्यालय वर्ष 1971 से बढ़िया काम कर रहा था। उस काम की बदौलत खजुराहो दुनिया के मानचित्र पर अंकित हुआ है। पता नहीं, किस वजह से यूपीए की सरकार ने उस कार्यालय को उस जगह से हटाने का निर्णय लिया है। एक तरफ बुंदेलखण्ड के विकास के लिए पैसे भेजते हैं, पैकेज देते हैं और दूसरी तरफ भारत सरकार के कार्यालयों को खजुराहो से अलग करके, हमें पीछे ढकेलने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आपके माध्यम से शून्य प्रहर में सदन से अनुरोध करता हूं कि यूपीए की यह सरकार यदि वास्तव में बुंदेलखण्ड को विकसित करना चाहती है तो भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के उस कार्यालय को अनिवार्य रूप से हटाने से रोकें। जनता में इतना ज्यादा आक्रोश है कि वहां पर जनता आंदोलन कर रही है। इस कार्यालय को खजुराहो के विकास के मैं लिए रोका जाना बहुत आवश्यक है। इसीलिए शून्य प्रहर में मैंने यह बात आपके सामने रखी है। धन्यवाद।

SHRI B. MAHTAB: Sir, I may be allowed to speak from here.

MR. CHAIRMAN: Yes, please.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, your name is there. Please wait for some time.